दिन– रविवार | दिनांक– 05/07/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

01. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत–जी रामजी अधिनियम के तहत राज्यों को पच्चीस हज़ार करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की।

02. बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रशांत किशोर होंगे जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार। उपचुनाव के लिए कल जारी होगी अधिसूचना।

03. मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज से भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को गैर इरादतन हत्या के मामले में चार साल की सजा सुनाई गई।

04. और, प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से आज पटना, पश्चिम चम्पारण, पूर्णियां, किशनंगज, सुपौल और भोजपुर समेत कई जिलों में हुई बारिश। लोगों को उमस भरी गर्मी से मिली राहत।

———————————————————————

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पहली जुलाई से विकसित भारत– रोज़गार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण), वीबी–जी रामजी–अधिनियम दो हजार पच्चीस सफलतापूर्वक लागू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। श्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए इस मिशन के अंतर्गत राज्यों के लिए पच्चीस हज़ार करोड़ रुपये की मुख्य सहायता राशि जारी की। श्री चौहान ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वीबी–जी रामजी योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि आज जारी की गई पहली किस्त का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्यों के पास पर्याप्त धनराशि हो ताकि मजदूरी का भुगतान पन्द्रह दिनों के भीतर किया जा सके।

———साउंड बाईट———

मनरेगा को पूरे देश में लागू करने में 3 साल लगे थे, लेकिन मुझे आप सब पर गर्व है 1 साल 2 साल नहीं, पहले दिन ही विकसित भारत जी राम जी योजना एक साथ पूरे देश में लागू हो गई। सौ दिन नहीं अब 125 दिन रोजगार। 5 साल में साढ़े सात लाख करोड़ से ज्यादा की राशि दो लाख 86 हजार पंचायतों में ठीक से लग गई तो गांव संपूर्ण विकसित हो जाएंगे, समृद्ध और विकसित गांव का निर्माण हो जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि वीबी–जी–रामजी योजना के तहत मजदूरी दरों में औसतन लगभग दस प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

———————————————————————

पटना जिले की बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए अधिसूचना कल जारी होगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी।

प्रत्याशी तेरह जुलाई तक नामांकन कर सकेंगे। चौदह जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि सोलह जुलाई है। मतदान तीस जुलाई को होगा। वहीं, मतों की गिनती तीन अगस्त को होगी। गौरतलब है कि भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के इस्तीफे के कारण इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है।

———————————————————————

जन सुराज पार्टी ने प्रशांत किशोर को बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी की कोर कमेटी की बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने श्री किशोर के नाम का एलान किया है। पार्टी उम्मीदवार घोषित किये जाने के बाद प्रशांत किशोर ने संवाददताओं से बातचीत में कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी तय की है, उसका सम्मान करते हैं।

———साउंड बाईट———

इधर, भाजपा ने भी बांकीपुर उपचुनाव के लिए उम्मीदवार के चयन को लेकर कोर कमेटी की बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत पार्टी के प्रमुख नेता मौजूद थे।

———————————————————————

बिहार विधान मंडल का मानसून सत्र बीस जुलाई से शुरू होगा। सत्र चौबीस जुलाई तक आयोजित किया जायेगा। मानसून सत्र के पहले दिन सदन में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के अनुपूरक बजट पेश किये जायेंगे। अगले कार्य दिवस में इसपर सामान्य वाद–विवाद होगा और मतदान के बाद मंजूरी दी जायेगी। इधर, संसद का मानसून सत्र बीस जुलाई से शुरू होगा और तेरह अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सत्र में राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस, चर्चा और निर्णय लेने पर ध्यान दिया जाएगा।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने तरल प्राकृतिक गैस– एल एन जी की आपूर्ति से आपातकालीन पाबंदियां हटा ली हैं। यह निर्णय पश्चिम एशिया संघर्ष में युद्धविराम के बाद होर्मुज जल डमरू मध्य से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति फिर शुरू होने के बाद किया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा है कि प्राकृतिक गैस आपूर्ति नियमन आदेश दो हजार छब्बीस में संशोधन किया गया है। एक रिपोर्ट–

———साउंड बाईट———

इस संशोधन के अंतर्गत उन विशेष आपातकालीन प्रावधानों को हटा दिया गया है, जिनके अंतर्गत सरकार को देश में उत्पादित प्राकृतिक गैस और आयातित एल एन जी के आवंटन में प्राथमिकता देने की अनुमति थी। होर्मुज जलडमरूमध्य से एल एन जी की खेप में रुकावट आने के बाद, इस साल मार्च में 'आवश्यक वस्तु अधिनियम' के तहत यह आपातकालीन आदेश जारी किया गया था। इस बीच, मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर उन खबरों को भ्रामक और गलत बताया है जिनमें ये दावा

किया गया है कि भूटान ने भारत से ई–20 पेट्रोल आयात करने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। मंत्रालय ने कहा कि भूटान को ई–20 पेट्रोल निर्यात करने का कोई प्रस्ताव नहीं दिया गया है। अनुपम की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।

———————————————————————————

पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामविलास पासवान की आज अस्सीवीं जयंती है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि राम विलास पासवान ने समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। लोजपा आर प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने लखनऊ में आयोजित जयंती समारोह में कहा कि रामविलास पासवान समाज के वंचित और दलित वर्गों के हिमायती थे और सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्ध थे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय पासवान की भावनाओं के अनुरूप पार्टी का विस्तार किया जा रहा है।

———साउंड बाईट———

इधर, पटना समेत प्रदेशभर में रामविलास पासवान की जयंती के मौके पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। पटना स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय पासवान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर शुल्क वाले विज्ञापनों में बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री के प्रसार को लेकर मेटा को कड़ी चेतावनी जारी की है। सरकार ने इंस्टाग्राम को ऐसी विषय वस्तु को बढ़ावा देने और इसकी पहुंच को सुगम बनाने वाले सभी विज्ञापनों और सामग्री को बंद करने का आदेश दिया है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मेटा से सात दिनों के भीतर विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है। सरकार इस बात की समीक्षा कर रही है कि क्या प्लेटफॉर्म ने भारत के मध्यस्थ सुरक्षा दिशानिर्देशों का अनुपालन किया है। भारत में डिजिटल कानूनों के अन्तर्गत अश्लील सामग्री और बाल यौन शोषण सामग्री का वितरण एक अपराध है। इससे पहले, मंत्रालय ने उन रिपोर्टों का संज्ञान लिया था जिनमें कहा गया था कि इंस्टाग्राम पर कुछ आपत्तिजनक सामग्री प्रदर्शित की जा रही है जो बाल यौन शोषण को बढ़ावा देती है और अधिकारियों को मेटा से जवाब मांगने के निर्देश जारी किए थे। अनुपम की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज से भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में चार साल की सजा सुनाई गई है। दिल्ली की एक अदालत ने सुनवाई करते हुए विधायक को इस मामले में दोषी करार देते हुये पीड़ित परिवार को पच्चीस लाख रूपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। गौरतलब है कि दिल्ली के फतेहपुर बेरी स्थित राजू कुमार सिंह के भाई के फॉर्म हाउस में पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग में एक महिला की मौत हो गई थी।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल का तीसवां स्थापना दिवस आज प्रदेशभर में मनाया जा रहा है। पटना स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस मौके पर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने अपने संदेश में कहा है कि पार्टी की स्थापना गरीबों, शोषितों और अकलियतों के अधिकारों की लड़ाई के उद्देश्य से की गयी थी। उन्होंने पार्टी की एकजुटता पर बल देते हुये कार्यकर्ताओं से जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने की अपील की है। श्री यादव ने इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं के संघर्ष और समर्पण की सराहना की।

———————————————————————————

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिले के दोईया में शांतिमणि पेपर मिल के विस्तारीकरण परियोजना का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने मिल परिसर का भ्रमण कर उत्पादन प्रक्रिया और अत्याधुनिक मशीनों का निरीक्षण भी किया।

———————————————————————————

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा पटना, औरंगाबाद, मुजफ्फरपुर, गयाजी और जमुई समेत प्रदेश के तीस से अधिक प्रमुख शहरों में आधुनिक बस डिपो का निर्माण किया जायेगा। परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने बताया कि सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल के तहत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि डिपो में वातानुकूलित प्रतीक्षालय, कैफेटेरिया, शॉपिंग क्षेत्र, होटल और अन्य यात्री सुविधाएं उपलबध होंगी। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

———————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून के सक्रिय होने से आज पटना, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, पूर्णियां, किशनंगज, सरहसा, सुपौल और भोजपुर समेत कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चम्पारण के बगहा में सबसे अधिक बीस मिलीमीटार बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार कल औरंगाबाद, भभुआ और रोहतास जिलों में एक दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

———साउंड बाईट———

इधर, बारिश होने से अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान उनतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी

पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई का आज निधन हो गया। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुये विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा कि कला और संस्कृति के क्षेत्र में तीजन बाई के योगदान को देश श्रद्धापूर्वक याद रखेगा। इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी तीजन बाई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने संदेश में श्री चौधरी ने कहा कि उनके निधन से भारतीय लोक कला और संस्कृति को अपूरणीय क्षति हुई है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के बेतिया—मझौलिया रेलखंड के दोहरीकरण कार्य का कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी, सीआरएस गुरु प्रकाश ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ट्रैक, सिग्नल प्रणाली, इंटरलॉकिंग व्यवस्था और रेलवे क्रॉसिंग समेत अन्य कार्यों का जायजा लिया। इस क्रम में सीआरएस ने एक सौ बीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से स्पीड ट्रायल भी किया।

———————————————————————————

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत राही लाइन होटल के पास चार पहिया वाहन ने एक खडे कंटेनर में टक्कर मार दी, जिसमें वाहन सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घायल एक व्यक्ति को इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है।

———————————————————————————

मधुबनी के जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने बलिराजगढ़ में भारतीय पुरात्व सर्वेक्षण, एएसआई द्वारा संचालित खनन कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

———————————————————————————

जहानाबाद जिले में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्नमूलन अभियान के तहत टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी छीरिंग वाई भुटिया ने कहा कि सरकार जिले को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत—जी रामजी अधिनियम के तहत राज्यों को पच्चीस हज़ार करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की।

02. बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रशांत किशोर होंगे जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार। उपचुनाव के लिए कल जारी होगी अधिसूचना।

03. मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज से भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को गैर इरादतन हत्या के मामले में चार साल की सजा सुनाई गई।

04. और, प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से आज पटना, पश्चिम चम्पारण, पूर्णियां, किशनंगज, सुपौल और भोजपुर समेत कई जिलों में हुई बारिश। लोगों को उमस भरी गर्मी से मिली राहत।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।